


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 299 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 13 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया

## होटल में खुदकुशी मामला : पत्नी व साले ने खर्चे हेतु किया था प्रताड़ित

**भानपुरा, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर की सिद्धार्थ होटल में 26 जून को फंदे पर लटककर खुदकुशी करने वाले युवक के मामले में पुलिस की जांच पूरी हो गई है। युवक ने अपनी पत्नी और साले की प्रताड़ना से यह कदम उठाया। बताया गया कि पत्नी सोनाबाई मायके चली गई थी, वहीं वे अपने भाई मुकेश की मदद से खर्चे के लिए रुपए मांगे गए। रुपए नहीं देने पर अत्यधिक दबाव बनाया गया। मानसिक परेशान किया जाता रहा। बताते हैं कि 6-7 महीने पूर्व भी मृतक बबलू पिता प्रभुलाल ओढ़ निवासी भानपुरा को पत्नी सोना और साले मुकेश तथा एक अन्य बल्लू निवासी झालावाड़ ने परेशान किया था। लगातार परेशान होने के चलते अंततः बबलू ओढ़ ने होटल में फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने जांच के बाद पत्नी सोनाबाई, साले मुकेश व एक अन्य युवक बल्लू के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है।

किराए के रूप में हजारों रूपए भुगतान कर रही संबंधित बैंकें, गार्ड हो तो मिले रोजगार...

# भगवान भरोसे एटीएम बूथ, कई जगहों पर गार्ड नहीं..!

**शहर सहित जिले में बड़ी संख्या में खुल गए हैं एटीएम, गार्ड की तैनाती में कोताही**

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सुविधा के लिए खोले जाने वाले एटीएम बूथ अब कई जगह भगवान भरोसे हो गए हैं। कुछ बूथों पर ही गार्ड की तैनाती है, जबकि अनेक जगहों पर गार्ड नहीं है। दिन में तो ठीक रात्रि में भी यही हालत है। बताते हैं कि जहां एटीएम बूथ स्थापित किए गए हैं, वहां जगह किराए से ली गई। संबंधित बैंक द्वारा किराए के रूप में हजारों रुपए दिए जा रहे हैं। इसमें प्राइवेट कम्पनी को सुरक्षा की जिम्मेदारी भी दी गई, जबकि ऐसा हो नहीं रहा है। जहां एटीएम बूथ किराए पर हैं, वहां किराया लेने वाले को ही सुरक्षा की कमान सौंप दी गई है। दुकान मालिक किराए के साथ ही सुरक्षा की राशि भी ले रहा है, जबकि सुरक्षा के नाम पर केवल औपचारिकताएं की जाने लगी है। इस ओर बैंक के अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है। यदि एटीएम बूथों पर गार्ड की अनिवार्यता सख्ती से कर दी जाए तो कई बेरोजगारों को भी रोजगार मिलने की संभावना है।

शहर सहित जिलेभर में लोगों को सुविधा देने की गरज से बैंकों द्वारा खोले गए एटीएम बूथ सुरक्षा चक्र से बाहर हो गए हैं। बैंकों द्वारा बूथ तो खोल दिए, लेकिन सुरक्षा गार्ड की तैनाती में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुछ वर्ष पूर्व में डिगांव में एटीएम उखाड़कर ले जाने और स्टेशन रोड पर बूथ पर चोरी के प्रयास आदि की घटनाएं घटित हो चुकी है। पुलिस विभाग द्वारा बैंक प्रबंधकों की बैठक लेकर निर्देशित किया जा चुका है।

### सहकारी बैंक के नहीं खुल पाए एटीएम

पूर्व में सहकारी बैंक का एटीएम खोलने की भी कवायद की गई थी। महज एक एटीएम ही इस बैंक का खुला है। लेकिन, अभी तक सहकारी बैंक के और एटीएम नहीं खुल पाए हैं। मंदसौर की पहली निजी बैंक स्मृति बैंक के ही अनेक जगहों पर एटीएम बूथ स्थापित हो चुके हैं। लेकिन, सहकारी बैंक के एटीएम खोले जाने की अवधारणा राम भरोसे हो गई है। जबकि सहकारी बैंक की मंदसौर और नीमच में अनेक बैंके हैं, जहां पर व्यापार अच्छा होता है। किसान भी इस बैंक से सीधे जुड़े होते हैं। सभी बैंकों के बाहर एटीएम खुल जाए तो सुविधा भी हो सकेगी। हालांकि, पूर्व में अध्यक्ष और सहकारी समिति में प्रतिनिधि चुने जाते रहे हैं। वर्तमान में लम्बे समय से प्रशासन के अधीन बैंकों और सहकारी समितियां हैं। ऐसे में एटीएम की अवधारणा थम सी गई है।

बावजूद इसके सुरक्षा के बारे में ध्यान देने की किसी के द्वारा कोशिश नहीं की है। वर्तमान में हालत यह है कि अधिकांश एटीएम बूथ भगवान भरोसे हो गए हैं।

**सुरक्षा के मापदंड पर खरे नहीं उतर रहे बूथ–** बैंकों ने लोगों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जगह-जगह एटीएम बूथ स्थापित कर दिए। एटीएम तो लग गए, लेकिन वे सुरक्षा के मापदंड पर खरे नहीं उतर रहे हैं। शहर के मुख्य जगह स्थापित एटीएम बूथों पर ही सुरक्षा के लिए गार्ड की तैनात रहते है यहां भी कभी-कभी गार्ड एटीएम छोड़कर गायब हो रहे हैं। कई जगह तो रुपया निकालने के लिए लोगों की लम्बी कतारें लग रही है।

**दिन में जैसे–तैसे हो रही सुरक्षा–** दिन में तो जैसे-तैसे एटीएम बूथ की सुरक्षा हो रही है, लेकिन रात्रि में कई एटीएम बूथ पर सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं किए जा रहे हैं। जहां सुरक्षा गार्ड तैनात है, वहां भी रात्रि में गार्ड निन्द निकालते प्रतीत होते हैं। अनेक बूथों पर सीसीटीवी केमरे भी हैं और इसी की मदद से सुरक्षा बरतने के दावे किए जा रहे हैं।

**सुरक्षा गार्ड को बेहद कम दी जा रही तनख्वाह–** गार्डों ने अनौपचारिक चर्चा में कहा कि हमसे ड्यूटी पूरी ली जाती है, लेकिन तनख्वाह कम दी जाती है। जो तनख्वाह निर्धारित है, उस मान से तो तनख्वाह मिलती ही नहीं है। लम्बे समय से तनख्वाह भी बढ़ाई नहीं गई है। महंगाई के जमाने में हमें पगार कम मिल रही है। अधिकांश गार्डों को कलेक्टोरेट पर भी तनख्वाह नसीब नहीं हो रही है।

**पॉलिसी का किया जा रहा पालन, बूथ के हो गए बीमे–** रिजर्व बैंक की पॉलिसी है, जिसमें तीन तरह के नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के तहत कई एटीएम बूथों पर गार्ड रहते हैं तो कई पर नहीं होते हैं। हालांकि एटीएम का बीमा भी होता है। एटीएम में केटेगरी के हिसाब से गार्डों की तैनाती रहती है। हम भी रिजर्व बैंक की पॉलिसी के अधीन कार्य कर रहे हैं।



शिवभक्ति में डूबा रहा सोमवार, झांकियां व अखाड़े रहे आकर्षण का केंद्र...

# शाही पालकी में विराजे पशुपतिनाथजी शहर भ्रमण पर निकले

**पशुपतिनाथजी मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में गूंजा भोलेनाथ का जयकारा**

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सावन के चौथे सोमवार पर दशपुर नगरी शिव के जयकारों से गूंज उठी। मंदसौर के अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथजी मंदिर में सुबह महादेव का दूध, दही, पंचामृत से विशेष अभिषेक किया गया। सोमवार को भगवान पशुपतिनाथजी ने रजत प्रतिमा के रूप में शाही पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण कर भक्तों के हाल जाने। शाही पालकी में ढोल नगाड़े, झांकियां, अखाड़े आकर्षण के केंद्र रहे।

श्रावण मास के चौथे सोमवार को अष्टमुखी भगवान श्री पशुपतिनाथजी को भक्तों ने शाही पालकी में विराजित कर नगर भ्रमण कराया। अष्ट धातु से निर्मित भगवान श्री पशुपतिनाथजी की मूर्ति के पूजन व अभिषेक के पश्चात सुबह ग्यारह बजे यात्रा प्रारंभ हुई। पालकी में विराजे भगवान के दो मुखों पर अर्द्धनारिश्वर श्रृंगार व शेष अन्य मुखों का भी अलग-अलग श्रृंगार किया गया था। पालकी को भक्तों ने कांधों पर उठाकर भगवान आशुतोष को पूरे शहर में भ्रमण करवाया। लगभग 8 घंटे में करीब 9 किमी की यात्रा तयकर सात बजे बाद शाही पालकी वापस पशुपतिनाथजी मंदिर पहुंची। श्री पशुपतिनाथ शयनकालीन आरती युवा मंडल द्वारा लगातार तेरहवें वर्ष श्रावण के तीसरे सोमवार को शहर में भगवान पशुपतिनाथजी की शाही पालकी निकाली गई। महादेव के जयकारे लगाते हुए भक्तों ने पालकी कंधे पर उठाकर नगर भ्रमण प्रारंभ किया। तापेश्वर महादेव की झांकी भी शामिल थी। पालकी में नगाड़े, शिव दरबार की झांकी, कालकामाता एवं भारतमाता की झांकी, भूतों की टोली, साधु-संतों की टोली, ढोल, डीजे भी शामिल थे। महिलाओं ने कलश धारण किए थे। युवतियां नृत्य करती रहीं। सबसे पीछे भक्तों के कंधों पर भगवान पशुपतिनाथजी की शाही पालकी चल रही थी। इस दौरान भक्तों की टोलियां भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए जयकारे लगाते चल रही थीं। झांकियों में कलाकार शिव तांडव एवं शिव भक्ति नृत्य कर रहे थे। पालकी यात्रा खानपुरा, प्रतापगढ़ पुलिया, मंडीगेट, धानमंडी, गणपति चौक, वरूण देव मंदिर, नयापुरा रोड, गौल चौराहा, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टैंड, घंटाघर होते हुए पुनः शाम 7 बजे मंदिर पहुंची। मार्ग में अनेक स्थानों पर शाही पालकी का स्वागत हुआ। वहीं पशुपतिनाथजी मंदिर पर भी दिनभर भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा। सुबह से रात तक 60 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान पशुपतिनाथजी के दर्शन किए।

**मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब–** सोमवार को पशुपतिनाथजी सहित जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा। अष्टमुखी पशुपतिनाथजी मंदिर में कतारबद्ध होकर भक्त महादेव के दर्शन करते रहे। भक्त और भगवान के दर्शनों का यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। अष्टमुखी महादेव का चंदन, भांग, सूखे मेवे, बिल्वपत्र, फूलों से विशेष नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। इसके साथ ही शहर से गांव तक शिवालयों में पूजा-अर्चना होती रही। भक्त दूध, दही, जल के साथ पूजा पाठ और अभिषेक कर भोलेनाथ को प्रसन्न करते रहे।

आयोजकों ने पालकी खड़ी करने की बात कह दी फिर शाम को दबाव बढ़ने के बाद छोड़ा...

# थाने में खड़ी की शाही सवारी की डीजे गाड़ी

**[ पूर्व विधायक ने लिया संज्ञान, लगाया टीआई को फोन ]**

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शाही पालकी दशपुर वासियों के लिए एक उत्सव है। हर साल शाही पालकी में हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। सोमवार को शाही पालकी में आस्था का सैलाब उमड़ा। भक्ति का ऐसा रंग सुबह से जमा कि उतरने का नाम नहीं ले रहा था। लेकिन, इस रंग में भंग डालने का प्रयास किया पुलिस प्रशासन ने। पालकी में शामिल होने के लिए खड़े एक डीजे की गाड़ी को जब्त कर लिया गया। इसके बाद इसे नई आबादी थाने खड़ा करवा दिया गया। आयोजकों ने बताया कि यह पालकी का एक प्रमुख डीजे था, जिस पर नृत्य तैयार किया गया था। युवतियों और बच्चियों द्वारा इस पर नृत्य प्रस्तुत करना था। लेकिन, डीजे शाम तक नहीं छोड़ा गया। हालांकि आयोजकों ने पालकी खड़ी करने की बात कह दी। इसके बाद मामला मीडिया में आया। जनप्रतिनिधियों को भी फोन लगाए गए। इसके बाद पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने टीआई से बात की। जैसे ही प्रशासन पर दबाव बना तो डीजे शाम को छोड़ दिया गया। लेकिन, यह भक्ति के रंग में डाली गई भंग रूपी कार्रवाई समझ से परे हैं।

**गांधी चौराहा पर बिफरे आयोजक–** मिली जानकारी के अनुसार आयोजकों ने सुबह से ही जनप्रतिनिधियों को भी इस बात से अवगत कराया। अधिकारियों से भी बात की। लेकिन, डीजे नहीं छोड़ा गया। गांधी चौराहा पर शाही पालकी पहुंची। यहां उन्होंने आयोजकों ने सर्व समाज के सामने यह बात बताई। इसके बाद डीजे नहीं छोड़ने पर पालकी खड़ी करने की बात कहीं। इधर मामला मीडिया में भी पहुंच गया। जनप्रतिनिधि भी सक्रिय होते नजर आए। तब कहीं जाकर पुलिस ने डीजे की गाड़ी को छोड़ा।

**जनप्रतिनिधियों की चुप्पी समझ से पर–** कुछ दिनों पहले मोहर्रम जलसा के दौरान रात में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सराफा बाजार में व्यापारियों की दुकानों के बाहर गंदगी की। यहां बिजली के संसाधन तोड़ डाले। इसके बाद शिवना नदी में मांस के टुकड़े निकलने की घटना सामने आई। इस तरह की घटनाएं सामने आने के बाद एक आद अपवाद छोड़ दें तो किसी भी जनप्रतिनिधि ने खुलकर आवाज नहीं उठाई। यहीं कारण रहा कि पुलिस प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया। कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई।

#### इनका कहना

**गाइड लाईन सभी धर्मो के लिए एक समान हो–** मंदसौर में इस तरह की परिस्थिति अभी तक नहीं बनी है। आयोजकों ने मन बना लिया था कि पालकी खड़ी कर देंगे। इसके बाद मुझे इस संबंध में जानकारी मिली। मैंने तत्काल टीआई से बात की। मेरा कहना है गाइड लाइन सभी धर्मो के लिए एक समान होना चाहिए। पालकी के खड़े हुए डीजे को जब्त करना कहां तक उचित है?

**यशपालसिंह सिसौदिया**
**पूर्व विधायक**

**सभी जनप्रतिनिधियों से बात की–** इस डीजे पर नृत्य तैयार किया गया था। प्रतिबंध का हवाला देकर पुलिस ने इसे जब्त कर लिया। सुबह से शाम तक नहीं छोड़ा गया। मैंने कई जनप्रतिनिधियों को भी फोन लगाए। इसके बाद मैंने गांधी चौराहा पर सर्व समाज को यह बात बताई। अगर डीजे नहीं छोड़ा जाता तो पालकी खड़ी कर देते।

**राजेश राव, शयन कॉलीन**
**आरती मंडल**

कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई की गई। डीजे वाहन को थाने लाकर खड़ा किया गया था। बाद में उसे छोड़ दिया गया है।

**वरुण तिवारी, टीआई नई**
**आबादी थाना**

## सीधा प्रसारण : सीएम को सुनने नहीं पहुंचे नपा के जनप्रतिनिधि

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सोमवार को लाड़ली बहनों के नाम सीधा प्रसारण कार्यक्रम हुआ था। नगर पालिका में इसके लिए सभाहॉल में बकायदा कुर्सियां लगाई गई और साउंड सिस्टम व प्रोजेक्टर भी लगाया गया। लेकिन, इस कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिकांश जनप्रतिनिनिध ही लम्बे समय तक नदारद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हो गई थी और एक तरफ सीएम यादव संदेश दे रहे थे, लेकिन केवल कुछ व्यक्तियों की उपस्थिति दिखाई दी, बाद में सभा हॉल में अनेक जनप्रतिनिधि पहुंच गए थे।

लोगों को अलग-अलग तरीकों से झांसे में ले रहे सायबर ठग...

# घर बैठे नौकरी दिलाने के नाम पर ठगोरे सक्रिय

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सायबर पुलिस जैसे जैसे ऑनलाइन ठगी के मामलों को सुलझाते हुए लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है, वैसे वैसे ये शातिर ठग अलग-अलग और नए-नए तरीकों से आम लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ये शातिर ठग लोगों को उस जगह अपना शिकार बना रहे हैं, जहां एक समझदार से समझदार व्यक्ति को ठगी का अंदाजा तक नहीं होता। इस बार इन शातिर ठगों ने घर बैठे ऑनलाइन पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का काम शुरु किया है।



**घर बैठे पार्ट टाइम नौकरी–** अगर आपके फोन के टेक्स्ट इनबॉक्स, मेल या किसी सोशल मीडिया एप पर आपके ऐसा कोई भी मैसेज दिखे तो सावधान हो जाएं! क्योंकि, ये कोई असामान्य मैसेज भी हो सकता है और आपको ऑनलाइन ठगी का शिकार तक बना सकता है। ठगों ने पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर कई लोगोंको निशाना बनाया है। हैरानी की बात तो ये है कि इस तरह की ठगी के जाल में सिर्फ बेरोजगार युवा ही नहीं फंसे बल्कि, अच्छे खासे पढ़े लिखे लोग भी फंस रहे हैं।

**अब तक किसी ठग का नहीं लगा अता–पता–** एक और खास बात ये भी है कि इन ठगों को रोकने या पकड़ने के लिए पुलिस के पास भी अबतक कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। यानी पुलिस भी इन ठगों को पकड़ने में नाकाम है। इसका नतीजा ये है कि, इस तरह वारदातों को अंजाम देने वाला कोई भी अपराधी पकड़ाया नहीं जा सका है। प्रदेशभर में कई शिकायतें इस तरह की हो चुकी है। जगह जगह सिर्फ एफआईआर होती है और जांच चलती रहती है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि हम ही सबसे पहले इस तरह के शातिर ठगों से सावधान रहें।

महिला बाल विकास और न्याय विभाग में पदस्थ कर्मचारी सहित बेटे पर प्रकरण दर्ज...

# धोखेबाजी: मंडी बोर्ड की जमीन छुड़ाने के नाम पर दबाव बनाया, वसूले रुपए

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। यशोधर्मन नगर थाना पुलिस ने न्याय विभाग और महिला बाल विकास में पदस्थ्य कर्मचारी और इनके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया हैं। धमकी देने वाले महिला बाल विकास की कर्मचारी मोना पति राजेश पाटील इनके पति राजेश पाटिल जो कोर्ट बाबू हैं और इनके पुत्र विराज पिता राजेश पाटिल हैं, जिनके खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ है।**

यशोधर्मन नगर थाना पुलिस के अनुसार फरियादी सीमा पति स्व. पुरजन कटारिया ने 1 अगस्त को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी और उसका परिवार हाउसिंग बोर्ड किटियानी में रहता है। एक ही मोहल्ले में होने से 8 माह पहले उसके बेटे की दोस्ती विराज पाटिल से हुई। विराज प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करता है। तीन माह पहले आरोपी विराज के माध्यम से 2-3 प्लाटों की खरीदी बिक्री की गई थी। इससे विराज का पारिवारिक सम्बन्ध बन गए वह घर आने जाने लगा था।

**धमकाकर रुपए लिए, कार व स्कूटी की चाबी छीनी–** फरियादी द्वारा पुलिस को की गई शिकायत में बताया कि आरोपी विराज ने माता–पिता के अधिकारियों से अच्छे सम्पर्क की बात बताते हुए कहा था कि वह सरकारी जमीन का सेटलमेंट भी करवाता है। फरियादी की रतलाम में हाईवे पर जमीन है जो मंडी बोर्ड द्वारा अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित है। विराज ने दावा किया कि वह उस जमीन को मंडी बोर्ड से मुक्त करवा देगा। इसके कुछ दिन बाद आरोपी विराज की मां मोना ने कहा कि इसके लिए 5 से 10 लाख रुपए देना पड़ेंगे। तब पीड़िता ने इस संदर्भ में मना कर दिया था। लेकिन, इसके बाद वे दबाव बनाने लगे। 14 जुलाई को आरोपी विराज और उसकी मां मोना और पिता राजेश पाटिल ने फरियादी को हाईवे ट्रीट बुलाया और रुपए देने के लिए धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद भयभीत होकर फरियादी ने 4 लाख रुपए नकद और 20 लाख का एक चेक दिया। 23 जुलाई को मां और बेटे फिर घर आए और स्टाम्प पेपर पर 40 लाख रुपए लेने और फरियादी के प्लाट का एग्रीमेंट करने का दबाव बनाया। हालांकि, फरियादी ने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसके बाद आरोपी फरियादी के कार की चाबी और एक स्कूटी ले गए।

17 साल से बन रही सिर्फ योजना, सालों पुरानी व्यवस्था के सहारे निकासी...

# जलनिकासी व्यवस्था: धरातल पर नहीं उतर पा रहा प्रोजेक्ट

**[ आधे घंटे की बारिश में शहर में कई जगह होता जलभराव ]**

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। बीमार और बूढ़ी सीवरेज व्यवस्था के चलते आधे घंटे की बारिश में शहर पानी पानी हो जाता है। इसका कारण है जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की लापरवाही। सत्रह साल से योजना-योजना और प्रोजेक्ट-प्रोजेक्ट का खेल खेला जा रहा है। शहर का दायरा जनसंख्या के साथ बढ़ गया। लेकिन, बूढ़ी हो चुकी सालों पुरानी व्यवस्था के भरोसे जल निकासी निर्भर है। इधर कई नाले बंद कर कॉलोनियां काट दी गई। जिसके बाद शहरवासी लंबे समय से वर्षाकाल के दौरान जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं।**

**प्रोजेक्ट पहुंचा 215 करोड़–** वर्ष 2007 से ही सीवरेज प्रोजेक्ट की प्लानिंग शुरु कर दी गई थी। इसमें आधा दर्जन बार बदलाव हो चुके हैं। समय के साथ लागत भी बढ़ी और प्रोजेक्ट लगभग दुगुना होकर 160 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यह भी धरातल पर कब उतरेगा, यह नहीं कहा जा सकता। आपको बता दें कि तत्कालीन नपाध्यक्ष स्व. प्रहलाद बंधवार व सीएमओ हिमांशु सिंह के कार्यकाल में सीवरेज प्रोजेक्ट प्रस्तावित किया गया था। इसकी जानकारी पार्षदों को भी दी गई थी। ठोस प्रयासों के अभाव में यह योजना धरातल पर नहीं उतर पाई। बढ़ती आबादी के साथ शहर भी बढ़ता गया। नतीजतन हर दो साल बाद दायरा बढ़ने से प्रोजेक्ट की लागत बढ़ती गई। इधर अन्य जिलों में सीवरेज प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो चुका या पूरा भी हो गया लेकिन, जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते शहरवासी अब तक सीवरेज प्रोजेक्ट की बातें ही सुन रहे हैं।

**ग्वालियर रियासतकाल में शुरू हुई थी नालियां बनना–** मंदसौर में सर्वाधिक शासन ग्वालियर रियासत का रहा है। 1905 से 1920 के बीच विकसित हुए जीवागंज सहित घनी बस्तियों वाले क्षेत्रों में खुली ड्रेनेज लाइन व गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां बनाई गई थी। आजादी के बाद से नालियों का जाल पूरे शहर में बिछाया गया। वहीं, जरूरत के मुताबिक प्राकृतिक नालों को पक्के नालों में परिवर्तित किया गया। पुराने शहर में घरों के सामने ही वी-शेप की नालियां बनाई गई थी, जो आज भी वैसी ही है।

**कुल सड़कों के मुकाबले कम है ड्रेनेज लाइन–** दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ों को देखें तो मंदसौर में सड़कों की लंबाई कुल लगभग सवा सौ किलोमीटर है। इन सड़कों के मुकाबले केवल 30 किलोमीटर ड्रेनेज लाइन ही बिछी हुई है। यानी लगभग 25 फीसद एरिया में ही ड्रेनेज का कवरेज है। भूमिगत जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। पानी, सड़क किनारे खुली नालियों, नालों के माध्यम से सीधे शिवना नदी में जाकर ही मिलता है।

**मंदसौर में लगभग 20 जगह होता है जल–जमाव–** मंदसौर में लगभग 20 से अधिक ऐसे क्षेत्र हैं, जहां थोड़ी सी बारिश होते ही जल-जमाव हो जाता है। 2019 में शहर में हुई 84 इंच बारिश में जिन इलाकों में अच्छा-खासा पानी भरा था। वह इस बार की 20 इंच बारिश में भी वैसा ही रहा। शहर के छह प्रमुख जल-जमाव वाले क्षेत्र यह है।

### इन जगहों पर होती है ज्यादा दिक्कत

**कैलाश मार्ग –** इस क्षेत्र में नेहरू बस स्टैंड व उसके आस-पास का पानी जमा होता है। यहां निकासी की व्यवस्था नहीं होने से पानी सड़क पर घुटनों से भी ऊपर तक भर जाता है।

**दया मंदिर मार्ग –** यह मार्ग एक प्राकृतिक नाले पर बना है। यहां भी थोड़ी सी बारिश में ही पूरी सड़क पर पानी भर जाता है और दुकानों में भी घुस जाता है।

**शुक्ला चौक –** नयापुरा रोड, कालाखेत के कुछ हिस्से, अशोक टॉकीज क्षेत्र व मुखर्जी चौक की तरफ का बारिश का पानी शुक्ला चौक में ही एकत्र होता है। यहां से आगे पानी जाने के लिए छोटे नाले होने से काफी जल-जमाव हो जाता है।

**बालागंज रोड –** गांधी चौराहे से बालागंज तरफ जाने वाले रास्ते पर भी जल-जमाव की काफी समस्या है। यहां पर गांधी चौराहे, दत्त मंदिर रोड व अन्य क्षेत्रों का पानी एकत्र होता है। निकासी की सही व्यवस्था नहीं होने से काफी पानी भर जाता है।

**सम्राट मार्केट –** नपा द्वारा विकसित किए गए सम्राट मार्केट की जगह भी पहले नाला ही बहता था। पर अब उसे बंद कर दिया गया है। इसका नतीजा यह होता है कि जरा-सी बारिश में पानी पूरे मार्केट में भर जाता है।

**माल गोदाम रोड –** इस मार्ग के रेलवे स्टेशन से लगे हुए हिस्से में भी बारिश का भर जाता है। और आस-पास के घरों में भी घुस जाता है।

## बसई चम्बल नदी में युवती कूदी, मौजूद लोगों ने बचाया

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ नगर निवासी एक 30 वर्षीय युवती सोमवार शाम को बसई स्थित चम्बल नदी के समीप जाकर कूद गई। मौके पर इस स्थिति को तुरंत देखने पर यहां मौजूद लोगों ने युवती को नदी से बाहर निकाल लिया।

पुलिस के अनुसार युवती बंटी पिता गणपत सोनी है, जिसकी पहली शादी से तलाक हो चुका है। दूसरी शादी भी हुई है। पति मुम्बई में निवासरत है और मंदसौर में ही एक गांव में रहते हैं। वैवाहिक तनाव के चलते युवती के द्वारा यह कदम उठाए जाने की जानकारी सामने आ रही है। हालांकि, युवती को सुवासरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जो सुरक्षित बताई गई है। लेकिन, फिर तबियत थोड़ी बिगड़ने पर उसे सुवासरा से मंदसौर अस्पताल भेजा गया है, जहां वह ईलाजरत है।


## मवेशियों के बाड़े में घुसा मगरमच्छ

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के उप वन मंडल मनासा के रामपुरा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव भमेसर में सोमवार सुबह उसे समय हडकंप मच गया। जब गांव के बीचों-बीच बने एक मवेशियों के बाड़े में एक विशालकाय मगरमच्छ ग्रामीणों को दिखाई दिया। इसके बाद वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत से मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे प्राकृतिक जलाशय में छोड़ दिया।

घटना सोमवार सुबह करीब 7 की बताई जा रही है। जब भमेसर गांव के बीचोंबीच स्थित करूलाल के मवेशी बांधने के बाड़े में एक विशालकाय मगरमच्छ उसे समय दिखाई दिया, जब परिवार के लोग रोजाना की तरह मवेशियों का दूध निकालने गए। मगरमच्छ को अचानक इस तरह बाड़े में देखकर परिजन घबरा गए। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों और वन विभाग की टीम को सूचना दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने करीब 2 घंटे की कम मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया।वहीं रेस्क्यू के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि मगरमच्छ रात के अंधेरे में पास ही स्थित कुछ छोटे बड़े तालाबों या नदी से चलकर बाड़े तक पहुंच गया होगा।गनीमत यह रही कि मगरमच्छ ने इस दौरान ना तो किसी मवेशी को और ना ही किसी व्यक्ति को हानि पहुंचाई। मगरमच्छ की लंबाई करीब 9 फीट और वजन करीब 200 किलोग्राम बताया जा रहा है। वहीं वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू कर कुशलता पूर्वक गांधी सागर जलाशय में छोड़ दिया है।

## विश्व हिन्दू परिषद की विभागीय बैठक संपन्न

**मंदसौर/नीमच, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद की विभागीय बैठक दिनांक 11. 8.2024 को मंदसौर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुई बैठक में प्रांत संगठन मंत्री श्री खगेंद्र भार्गव, प्रांत मंत्रीश्री विनोद शर्मा, प्रांत संयोजिका ज्योति प्रिया दीदी, मंदसौर विभाग मंत्री श्री अनुपाल सिंह झाला, की उपस्थिति में सर्वप्रथम भारत माता और राम दरबार की पूजा अर्चना तथा दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ की गई, बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई,जिसमे आने वाली 14 अगस्त को अखंड भारत संकल्प दिवस के कार्यक्रम मंदसौर विभाग के तीनों जिले गरोठ,मंदसौर एवम नीमच जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसके अंतर्गत मशाल जुलूस पौधारोपण एक वृक्ष मां के नाम जैसे कई कार्यक्रमों को विश्व हिंदी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से मूर्त रूप दिया जाएगा, आने वाली कृष्ण जन्माष्टमी को विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूर्ण होने वाले हैं,जिसे संगठन षष्ठी पूर्ति के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए प्रांत अधिकारियों ने बैठक में आए हुए दायित्ववान कार्यकर्ताओ को कार्यक्रमों को भव्य रूप से मनाने की जानकारी और जवाबदारी दी बैठक में कई संगठन के विस्तार और द्रवीकरण के उद्देश्य से नीमच जिले में महत्वपूर्ण दायित्वों की भी घोषणा की गई जिसमे श्री उमेंद्र जोशी को नीमच जिला सत्संग प्रमुख, तूफान सिंह धनगर नीमच प्रखंड सहसंयोजक कुकडेश्वर- रामपुरा प्रखंड संयोजक प्रवीण मुजावदिया,प्रखंड सह मंत्री राधे



राठौर,प्रखंड सह मंत्री पंकज पोरवाल के नामों की घोषना हुई।

इस अवसर पर बजरंग दल विभाग संयोजक खुमान सिंह सिसोदिया गरोठ,विभाग मातृशक्ति रेखा दीदी वर्मा, दुर्गावाहिनी विभाग संयोजिका टीना दीदी शर्मा, तथा विभाग एवम जिले के कई दायित्व वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विभाग बैठक की पूर्ण जानकारी विभाग मंत्री श्री अनुपाल सिंह जी झाला ने दी।

## 15 अगस्त को रहेगा शुष्क दिवस

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) शुष्क दिवस घोषित किया गया है। स्वतंत्रता दिवस पर जिले की समस्त देशी/ विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानें/ मदिरा गोदाम/एफएल-2 अमृत बार मंदसौर, एफएल-2 कंचन बार दलौदा, एफएल-2 कक गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल, एफएल-3 रिलेक्स बार मंदसौर, फ्रेंचाईसी रिटेल आउटलेट अम्बी वाईन शॉप मंदसौर तथा मदिरा भण्डार बंद रखे जायेंगे। इस शुष्क दिवस पर संपूर्ण जिले में मदिरा का क्रय विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने आदेश जारी कर आबकारी विभाग के मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस आदेश का कढाई से पालन सुनिश्चित करें।

## डॉ. रंगनाथन के जन्म दिवस पर लाईब्रेरी डे मनाया

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में डा.एस.आर. रंगनाथन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में लाइब्रेरी डे मनाया गया।

श्रीमती रजनी यादव ग्रथपाल ने इस अवसर पर डा.रंगनाथन के जीवन, उद्देश्यों ,सिद्धांतों एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। आपने बताया कि पुस्तक एक औषधि, जादुई कालीन है जो कि आपको बहुत कुछ देना चाहती है और आपकी साथी बनना चाहती है। .दिनांक 12 अगस्त का दिन युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता हैं। इस अवसर पर वरिष्ठप्राध्यापक डॉ.पी.एल.पाटीदार ने अपने उद्बोधन में



बताया कि ये 21वीं सदी इन्फोर्मेशन टैक्नोलॉजी का युग है और इसे हम कितने अच्छे से उपयोग करते है। ये हमारी समझदारी पर निर्भर करता है। भारत एक ऐसा राष्ट्र है जहां युवा आबादी अधिक है तो एनर्जी भी अधिक है इसलिए हमारे देश को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं की पॉजीटिव एनर्जी का सही उपयोग होना जरूरी है। बच्चों को गाइड करते हुए बताया कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बुक्स और नेचर से बहुत कुछ सीख सकते है। आपने युवाओं को समझाइश दी कि अपने से बडों का, माता-पिता का आदर करें, अपने पूर्वजों से सीखें, अपनी वाणी को, अपने शब्दों को संयमित एवं मधुर रखें ताकि हमारे बडें उससे आहत न हों और वृद्धाश्रम की तरफ ना रूख करें। हमारा देश, विश्व को अच्छे विचारों से संस्कारों से जाग्रत करते रहे है और आज हमारे ही यहां वृद्धाश्रमों की संख्या बढती जा रही है। विकसित भारत के संकल्प को सही दिशा दिखाने में हमारा युवा अपना योगदान दे सकते हैं। वे अपने जीवन में विवेकानंदजी के दिये हुये आदर्शों कों अंगीकृत करें।

नशामुक्ति अभियान के अवसर पर डा.राजश्री ठाकुर कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा अपने उद्बोधन में एचआईवी एड एवं नशे से होने वाली हानि व इससे होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया। छात्राओं से निवेदन किया कि आप स्वयं भी किसी प्रकार का नशा न करें और अगर आपके घर में घर के आस-पास, मोहल्ले में, दोस्तों में कोई भी नशे से जुडा हुआ मिलता है तो उसे सही दिशा दिखायें और नशे से दूर रहने की समझाइश दें।इस अवसर पर नशामुक्ति की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई। उक्त कार्यक्रम का संचालन डा.अनुराग आर्य ने किया एवं डा.राजश्री ठाकुर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, ने आभार माना।

## 14 अगस्त को नीमच जिला बंद, तिरंगे के साथ निकलेगी जन आक्रोश रैली

**नीमच, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** भारत विकास परिषद के तत्वाधान में नीमच सर्व समाज की मीटिंग श्री परशुराम महादेव मंदिर पर संपन्न हुई। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि दिनांक 14 अगस्त 2024 को सर्व हिंदू समाज संगठन जिला नीमच के बैनर पर पूरे जिले को बंद रखा जाएगा। नीमच जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि सभी समाजजन सर्व हिंदू समाज संगठन जिला नीमच के तत्वाधान में सभी समाज के व्यक्ति 14 तारीख को दोपहर 1:00 बजे भारत माता चौराहे नीमच पर उपस्थित होकर बांग्लादेश में जो हिंदुओं पर अत्याचार जिहादियों द्वारा किया जा रहा है। उसके खिलाफ तिरंगे के साथ निकलने वाली जन आक्रोश रैली के दौरान प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया जाएगा। साथ ही मीटिंग में यह भी लक्ष्य तय किया गया है कि उस दिन पूरा नीमच जिला बंद रहेगा। लगभग 50,000 जनसमुदाय की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है। सर्व हिंदू समाज संगठन जिला नीमच ने मनासा, जावद, जीरन, सिंगोली, कुकडेश्वर, रामपुरा आदि तहसील के सभी सर्व हिंदू समाज संगठन की जनता से व सर्व हिंदू समाज संगठन की जनता से उपस्थित होकर अपने साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा साथ में लावे और इस जन आक्रोश रैली को सफल बनाने में सहयोग करे।

## शिवसेना ने प्रगति चौराहे पर दिया एक दिवसीय धरना

**दलौदा, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 80 प्रतिशत समाज सेवा 20 प्रतिशत राजनीति को चरितार्थ करते शिवसेना जिला मंदसौर द्वारा 5 सुत्रीय जन हितैषी मांगो को लेकर (1)दलौदा तहसील मुख्यालय पर तत्काल फायर बिग्रेड उपलब्ध कराया जाए (2) फतेहगढ़ सोनगरी के बीच एक्सीडेंटल पुलिया जिस पर सैकड़ो एक्सीडेंट हो चुके हैं उस पुलिया का नवीनीकरण कराया जाए(3) जावरा से नयागांव फोर लाइन रोड़ पर सर्विस रोड़ नही बनाया उसे तत्काल बनाया जाये या रोड़ के साइडो की उचित व्यवस्था की जाये जिससे दुर्घटनाओं का शिलसिला रूक सके (4) जिले में नियमाविरुद्ध संचालित आबकारी की दुकाने व



नियमाविरुद्ध डायरियो पर शराब बिक्री को तत्काल बंद कराया जाये (5) दलौदा फतेहगढ़ के बीच जहरीली स्टील सरिया फेक्ट्री को अन्य जगह स्थापित किया जाये ताकि वहा रह रहे रहवासियों को स्कूल के छात्र-छात्राओं को, कॉलेज के छात्र-छात्राओं को व राहगीरों को इसके जहरीले धुएं से निजात मिल सके

दलौदा तहसील मुख्यालय के प्रगति चैराहे पर प्रातरू 11बजे से धरना दिया गया धरना स्थल पर धुंधडका तहसीलदार महोदय राहुल जी डावर आए और ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया और कहा आपकी इन जन हितैषी मांगों का निराकरण शासन के माध्यम से जल्द पूरा कराने का प्रयास करेंगे इस धरना आन्दोलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवसेना राज्य प्रमुख सुनील जी शर्मा शिवसेना कार्यकारी राज्य प्रमुख नाहर सिंह गौड़ शिवसेना उपराज्य प्रमुख रघुववीर दास बैरागी शिवसेना जिला प्रभारी शुभम सिंह कच्छावा युवा शिवसेना जिला प्रमुख विकास सूर्यवंशी महिला गाडी सी जिला प्रमुख श्यामा देवी नायक जिला उप प्रमुख प्रताप सिंह भाटी राजू मालवीय जीवन खारोल राहुल राव मुकेश धनगर हीरालाल बावरी विराम धनगर बाबू सूर्या अमित आजाद लोकेश विजय, शकुंतला बाई कौशल्या बाई मंजू बाई देवी बाई यशोदा बाई किरण इंदिरा राधा बाई कला बाई सहित सैकड़ो शिवसेनिक उपस्थित थे ज्ञापन का वाचन शिवसेना कार्यकारी राज्य प्रमुख नाहर सिंह ने किया




## नवांकुर संस्था ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नाटाराम, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति एवं ग्राम पंचायत नाटाराम द्वारा संयुक्त रूप से तिंरगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई जो ग्राम का भ्रमण कर पुन:ग्राम पंचायत भवन नाटाराम पहुची। जहां यात्रा का समापन हुआ। तिरंगा यात्रा मे ग्राम पंचायत नाटाराम के सरपंच बापुलाल जाट,जनपद सदस्य प्रतिनिधी गणपत जाट,सचिव प्रेमसिंह राठौड,नवांकुर संस्था नाटाराम प्रगतिशील विकास समिति के कार्यक्रम समन्वयक हरिओम गंधर्व,पत्रकार श्यामलाल चन्द्रवशी,हाईस्कुल प्राचार्य दशरथ परमार,कवरलाल बोडाना,संतोष सांवरा,श्रीमति पाटीदार,तुलसीराम राठौर,आंगनवाडी कार्यकर्ता कैलाश शर्मा,कविता शर्मा,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य लक्ष्मीनारायण माली,सत्यनारायण जाट ,अशोक गंधर्व,विदेश पाटीदार सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। तिरंगा रैली के पश्चात माध्यमिक विद्यालय परिसर में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के अंत में आंगनवाडी परिसर में पोधारोपण किया गया।

## प्राकृतिक आपदा के समय अफीम उत्पादक किसानों को फसल बीमा से मिले नुकसानी की भरपाई

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से दिल्ली में पूर्व विधायक सिसौदिया ने मुलाकात कर की मांग

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने दिल्ली के कृषि भवन में मुलाकात कर लाइसेंसी पद्धति से की जाने वाली अफीम खेती में प्राकृतिक आपदा के समय किसानों को होने वाली परेशानी से अवगत करवाया और कहा कि भारत सरकार के द्वारा प्रदत्त अफीम उत्पादक लाइसेंसी किसानों को प्राकृतिक आपदा में नुकसान होने पर फ़सल बीमा में शामिल करने तथा क्षति पूर्ति राहत राशी का लाभ दिया जाकर किसानों को नुकसानी की भरपाई कराए जाएं श्री सिसोदिया ने इसी मांग को लेकर बीते दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र भी लिखा था।

मुलाकात के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को पूर्व विधायक श्री सिसोदिया ने अवगत कराया कि नारकोटिक्स विभाग के माध्यम से भारत सरकार की देखरेख में उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश में रबी के मौसम में अफीम की फसल पैदा की जाती है। प्राकृतिक आपदा, शीत



लहर, ओलावृष्टितथा तेज हवा के चलते अफीम की फसल नष्टहोने पर किसानों को राजस्व पुस्तिका अधिनियम आरबीसी 6/4 के अंतर्गत न तो राहत राशि (मुआवजा) मिलता है और ना ही किसानो की इस फसल को बीमा कंपनी शामिल करती है, जबकि बैंक और सहकारिता की सोसायटी के माध्यम से किसान को रबी की फसल में जो कर्ज मिलता है, उसमे अन्य फसलो के साथ-साथ किसान लिए गए कर्ज से खेत को हांकने, जोतने, सिंचाई करने, कृषि दवाई आदि का उपयोग प्राप्त ऋण की राशि में से करता है। विधायक श्री सिसोदिया ने कहा कि आपने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान ईसबगोल की फसल जिसको किसान बोता था, उसे प्राकृतिक आपदा में राहत राशि (मुआवजा) के लिये भी प्रावधान किया था, साथ ही फल-फूल, सब्जी, पान, संतरा, कैला जैसी अनेक फसलो को आर.बी.सी. 6/4 को अंतर्गत जोडते हुये किसानो को राहत राशि (मुआवजा) में संशोधन कर किसान को लाभान्वित किया था। श्री सिसोदिया ने कहा कि अफीम की फसल में तो अन्य फसलो की तुलना में किसानो को नुकसानी पर अफीम अधिकारी की मौजूदगी में क्षतिग्रस्त अफीम की फसल को नष्टीकरण करना ही पडता है। यदि पहली लूनी/चीरनी में प्राप्त अफीम लेकर उसकी फसल यदि नष्टभी हो जाती है, तो किसान को औसत देना ही पडता है, फिर चाहे वह कही से भी उसकी पूर्ति करे। प्राकृतिक आपदा में किसान को अपनी अफीम फसल को नष्टीकरण करना ही पड़ता है, उसका कोई विकल्प ही नहीं है और उस किसान को लगने वाली लागत का आंशिक लाभ भी न बीमा कंपनी देती है और ना ही राजस्व विभाग व भारत सरकार का वित्त मंत्रालय, जबकि दूसरी अन्य फसलों में बीमा भी किसानो को मिलता है, राहत राशि (मुआवजा) भी शासन से मिलता है और किसान को यह भी छूट रहती है कि वह क्षतिग्रस्त फसल को खलियान ने थ्रेसर मशीन चलाकर तथा फसल की कटाई कराकर जितनी भी उपज उसने शेष रहती है, फिर चाहे वह 10 प्रतिशत हो था 25 प्रतिशत उस फसल को प्राप्त कर लेता है। अफीम की फसल को वह किसान नष्टीकरण करता है, जिसका वास्तविकता में वह यह मूल्यांकन कर लेता है कि फसल में प्राकृतिक आपदा की नुकसानी से अफीम की प्राप्ति नही हुई। ऐसे किसानो की संख्या बहुत ज्यादा नहीं होती है, जो किसान अफीम की खेती का नष्टीकरण नही करता है, उनकी संख्या ज्यादा होती है और ऐसे अफीम प्राप्त करने वाले किसान किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का आवेदन-निवेदन भी नहीं करते है। श्री सिसोदिया ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया है कि प्रदेश में आपने मुख्यमंत्री के दायित्व पर रहते हुए अनेक नवाचार और किसानों के हित में कई बड़े उल्लेखनीय काम किए हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में अफीम किसानों को भी फसल बीमा या नुकसान की भरपाई राहत राशि (मुआवजा)दिया जाने का निर्णय करें।

## जनप्रतिनिधि करेंगे ध्वजारोहण

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार जनपद पंचायत भानपुरा और जनपद पंचायत भानपुरा के अध्यक्ष श्री विजय पाटीदार ग्राम पंचायत गांधीसागर में 15 अगस्त को ध्वजारोहण करेंगे।

## दौरवाड़ा में तिरंगा यात्रा निकाली

**बादपुर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत दौरवाड़ा व विद्यालय के संयुक्त तत्त्ववधान सोमवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमे स्कुल के सभी छात्र छात्राओं व जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा शासन के निर्देशानुसार पुरे गाँव मे रैली का आयोजन किया गया पूरी रैली मे देशभक्ति गीतों से सभी मन मोह लिया साथ ही सभी ग्रामीणों ने जागरूकता का परिचय देते हुवे एकत्रित होकर गाँव मे सभी एक साथ होकर छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाया वही कार्यक्रम मे लालसिंह चौहान (सरपंच ), सचिव मोहनलाल राठौर, सहा. सचिव बनवारी लाल व्यास,एफ.सी.चौहान शिक्षक ,दिलीपसिंह चौहान शिक्षक, गोपाल मोटी शिक्षक,भारत सिंह चौहान,कमलसिंह चौहान, शेरसिंह चौहान, नरेंद्र मालवीय, नरेन्द्रसिंह,मुरली लाल (उप सरपंच ),लालसिंह चौहान, भगत सिंह, उम्मेद लाल, महेंद्र सिंह सहित सभी छात्र छात्राए व शिक्षक गण , आंगनवाडी व आशा कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जिला बदर आरोपी को 1-1 वर्ष का कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सुश्री रूपा मिश्रा, जे.एम.एफ.सी. महोदय, मंदसौर द्वारा आरोपी मुबारिक शाह पिता मुश्ताक शाह जाति फकीर मुसलमान उम्र 45 वर्ष, निवासी-खिलचीपुरा मंदसौर को जिला बदर के आरोप का दोषी पाकर 01-01 वर्ष के कारावास एवं 500-500 रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 27.02.2017 को पुलिस थाना शहर कोतवाली में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि एक जिलाबदर आरोपी मुबारिक शाह नई पुलिया के पास घुम रहा है सूचना विश्वसनीय होने से होने से मय फोर्स एक टीम को तत्काल रवाना कर नई पुलिया के पास घेराबंदी की कुछ देर बाद मुखबिर के बताए अनुसार आदमी को पकड़ा नाम, पता पुछने पर उसने अपना नाम मुबारिक शाह पिता मुश्ताक शाह जाति फकीर मुसलमान उम्र 45 वर्ष, निवासी-खिलचीपुरा मंदसौर का होना बताया कि थाना शहर कोतवाली से जिला बदर होकर मोकमपुरा राजस्थान रह रहा है मैं अपने काम से बिना बताये आ गया था आरोपी का उक्त कृत्य अपराध धारा 14, 15 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम का पाया जाने से मोके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया, आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना शहर कोतवाली में अपराध क्रमांक 323/2017 की एफ.आई.आर. लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं अनुसंधान कार्यवाही पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री बलराम सोंलकी द्वारा किया गया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 5 | 2465 | 2516 |
| उडद | 8 | 5400 | 8512 |
| सोयाबीन | 4500 | 3500 | 4350 |
| गैहु | 4264 | 2640 | 3270 |
| चना | 125 | 4001 | 7500 |
| मसुर | 139 | 5491 | 6100 |
| धनिया | 380 | 4825 | 6400 |
| लहसुन | 12200 | 7300 | 23500 |
| मैथी | 425 | 4650 | 5540 |
| अलसी | 690 | 5000 | 5801 |
| सरसो | 238 | 4700 | 5285 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 106 | 9500 | 12480 |
| प्याज | 1775 | 1201 | 3450 |
| कलोंजी | 14 | 12001 | 18140 |
| डॉलर | 26 | 8714 | 12481 |
| तिल्ली | 123 | 10400 | 12199 |
| मटरसुखी | 4 | 5700 | 6731 |
| असालीया | 2 | 8721 | 8721 |

## शिवना तिरंगा यात्रा का आयोजन आज नूतन स्टेडियम से होगा

### जिपं अध्यक्ष, नपा अध्यक्ष एवं कलेक्टर ने महिलाओं की सहभागिता हेतु आग्रह किया

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शिवना तिरंगा यात्रा का आयोजन 13 अगस्त को दोपहर 2 बजे नूतन स्टेडियम से किया गया है। शिवना तिरंगा यात्रा महिलाओं द्वारा नूतन स्टेडियम से पैदल निकाली जाएगी। इसका रूट / मार्ग नूतन स्टेडियम से प्रारंभ होकर बीपीएल चौराहा, गोल चौराहा, लक्कड़ पीठा, महाराणा प्रताप बस स्टेंड से होकर नूतन स्टेडियम में समापन होगा। महिलाओं की सहभागिता हेतु जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार एवं नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने भी अधिक संख्या में जुड़ने हेतु जन सामान्य से आग्रह किया है।

तिरंगा रैली में शामिल होने वाली सभी महिलाएं ध्वज के साथ रैली में शामिल होगी। देश भक्ति के भाव से भरने एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने हेतु इस यात्रा का आयोजन महिलाओं द्वारा स्वयं, शासन एवं महिला संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। अपनी पारंपरिक वेशभूषाओं को पहने तथा भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित करने महिलाएं जुड़ेगी। ध्वज की व्यवस्था शासन द्वारा भी की जाएगी। इसके साथ ही अगर किसी को तिरंगा की आवश्यकता है, तो वह पोस्ट ऑफिस, जिला पंचायत से भी निर्धारित मूल्य पर खरीद सकते हैं। तिरंगा यात्रा के अवसर पर देश भक्ति एवं देश प्रेम की प्रतिज्ञा भी ली जाएगी। पुलिस द्वारा यात्रा के दौरान ट्राफिक की व्यवस्था की जाएगी। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले के हर घर में तिरंगा लहराएगा। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान 09 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन कर सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे आमजनों में देश भक्ति की भावना तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। कलेक्टर श्रीमती गर्ग के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जिले के आम नागरिकों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

दिनांक 07 अगस्त 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

जन्मकुण्डली में प्रबल शुक्र..



* यदि आपकी जन्म कुंडली में शुक्र ग्रह प्रबल है तो आप बहुत हि आकर्षक, धनवान, ऐश्वर्यवान, काम कला में निपुण तथा स्त्रियों के प्रिय होंगे। दुसरो को समझने तथा समझाने की कला में पूर्ण होंगे,किसी न किसी स्त्रोत से आकस्मिक धनलाभ के योग बनते रहते है। ऐसे लोगो को जीवन में भौतिक सुख सुविधाएं अच्छी मिलती है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)

क्रमांक 2085/नामांतरण/2024

### नामातंरण विज्ञप्ति

मन्दसौर दिनांक 09.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों/ भूमियों पर नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामातंरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1196x7/2024 | कोलीवाड़ा | 24 | प्लांट नं.7/1 | मो. एजाज पिता स्व.अ. हाफिज | मो. एजाज पिता स्व.अ. हाफिज | मो. शाहिद पिता स्व. शफीउल्लाह काजी | विक्रय पत्र |
| 2 | 1197x7/2024 | हरीवाटिया 1 | 23 | प्लांट नं. 33 | हरीश पिता प्रेमचंद विजयवर्गीय | हरीश पिता प्रेमचंद विजयवर्गीय, सुरेन्द्र कुमार पिता हरीश चौहान व आदि | राधेश्याम पिता शिवराम जाट | विक्रय पत्र |
| 3 | 1198x7/2024 | गौतम मार्केट (दीपशिखा अपार्टमेंट) | 18 | फ्लेट नं.(301) 19/36 | प्रेमलता पति सुरेशचंद्र तलेरा | प्रेमलता पति सुरेशचंद्र तलेरा | सुनिता पति किशोर देवड़ा | विक्रय पत्र |
| 4 | 1199x7/2024 | डायमण्ड वैली | 21 | प्लांट नं. 83 | गुरुकृपा एसो. द्वारा भागीदार अमित पिता रोशनलाल अग्रवाल व आदि | गुरुकृपा एसो. द्वारा भागीदार अमित पिता रोशनलाल अग्रवाल व आदि | संतोषकुमार पिता फकीरचंद मालवीय | विक्रय पत्र |
| 5 | 1200x7/2024 | मदारपुरा | 34 | मकान नं. 380 | स्व. नाहर पिता छोटे खां | स्व. नाहर पिता छोटे खां | वहीद नबी पति स्व. नाहर खा | वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण, शपथ पत्र |
| 6 | 1201x7/2024 | यशनगर फेस 4 | 39 | प्लांट नं. 187 | विजेन्द्रकुमार पिता नाथूलाल सेठी व आदि | विजेन्द्रकुमार पिता नाथूलाल सेठी व आदि | अल्पनाकुंवर पति राजकुंवरसिंह | विक्रय पत्र |
| 7 | 1202x7/2024 | डायमण्ड वैली | 21 | प्लांट नं. 58 | गुरुकृपा एसो. द्वारा भागीदार अमित पिता रोशनलाल अग्रवाल व आदि | गुरुकृपा एसो. द्वारा भागीदार अमित पिता रोशनलाल अग्रवाल व आदि | अनिरुद्ध पिता विवेक शर्मा | विक्रय पत्र |
| 8 | 1203x7/2024 | श्रृंगार गली | 25 | मकान नं. 36 | स्व. अमरसिंह पिता जयेन्द्रसिंह श्रीमाल दाखबाई पति उमराव श्रीमाल व आदि | स्व. अमरसिंह पिता जयेन्द्रसिंह श्रीमाल दाखबाई पति उमराव श्रीमाल व आदि | दाखाबाई पति उमरावसिंह 2. संजय पिता स्व. अमरसिंह श्रीमाल, 3. विजय पिता स्व. अमरसिंह श्रीमाल | मृत्यु प्रमाण, शपथ पत्र |
| 9 | 1204x7/2024 | डिब्बीपुरा | 20 | प्लांट नं. 22 का भाग 25/5 | स्व. अमरसिंह पिता जयेन्द्रसिंह श्रीमाल | स्व. अमरसिंह पिता जयेन्द्रसिंह श्रीमाल | संजय पिता स्व. अमरसिंह श्रीमाल विजय पिता स्व. अमरसिंह श्रीमाल | मृत्यु प्रमाण, शपथ पत्र |
| 10 | 1205x7/2024 | स्कीम नं.1 गली 4 | 7 | मकाननं. 18, 19, 20 | स्व. लीलाबाई पति स्व. बालाराम जैन व आदि | स्व. लीलाबाई पति स्व. बालाराम जैन व आदि | रिखबचंद पिता स्व. बालाराम जैन | मृत्यु प्रमाण, शपथ पत्र |
| 11 | 1206x7/2024 | धानमंडी रोड | 29 | मकान नं. 150 | स्व. लीलाबाई पति स्व. बालाराम जैन व आदि | स्व. लीलाबाई पति स्व. बालाराम जैन व आदि | रिखबचंद पिता स्व. बालाराम जैन | मृत्यु प्रमाण, शपथ पत्र |
| 12 | 1207x7/2024 | नवरत्न विहार | 26 | प्लांट नं. ई 7 | चयन कंस्ट्रशन गोविन्द विजयवर्गीय | मोहनलाल पिता कन्हैयालाल सुरा | प्रदीप पिता पुरनमल राठौर | विक्रय पत्र |
| 13 | 1208x7/2024 | बरगुण्डा गली | 20 | प्लांट नं. 3/2 | रामप्रसाद पिता तुलसीराम रियार | रामप्रसाद पिता तुलसीराम रियार | कलाबाई पति रामप्रसाद ग्वाला | मृत्यु प्रमाण, शपथ पत्र |
| 14 | 1209x7/2024 | नारायणनगर गोल्ड | 33 | प्लांट नं. 179 | शैलेन्द्र पिता सोहनलाल चौरड़िया | शैलेन्द्र पिता सोहनलाल चौरड़िया | रेहमतबी पति इस्तेखार खान | विक्रय पत्र |
| 15 | 1210x7/2024 | सुतारों की गली | 15 | मकान नं. 36 का भाग | नंदकिशोर पिता स्व. मोहनलाल देवड़ा, महेन्द्र पिता स्व. मोहनलाल देवड़ा व आदि | नंदकिशोर पिता स्व. मोहनलाल देवड़ा, महेन्द्र पिता स्व. मोहनलाल देवड़ा व आदि | लोकेन्द्र पिता स्व. मोहनलाल देवड़ा | बंटवारा लेख |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)

## बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

पिपलियामंडी, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। बाइक को टक्कर मारने वाले बाइक सवार के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। माल्याखेरखेडा निवासी अनिल पिता आनंदीदास बैरागी ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि डिगाव व माल्याखेरखेडा के बीच मेरे भाई परमेश्वरदास बैरागी की स्कूटी को गांधीग्राम निवासी जगदीश पिता रामनारायण प्रजापत ने बाइक से पीछे से टक्कर मार दी जिससे मेरा भाई बेसुध हो गया। उसे मंदसौर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने जगदीश के खिलाफ केस दर्ज किया।

## मारपीट, तीन भाईयों पर प्रकरण दर्ज

पिपलियामंडी, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस। मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन भाईयों के खिलाफ केस दर्ज किया। लिलदा निवासी नंदलाल पिता खीमा बंजारा ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं बाइक से अपने गांव जा रहा था। इस दौरान कोलवा बस स्टेण्ड पर कोलवा निवासी मनोहर कीर ने रोका, गाली-गलौज की व मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान मनोहर के भाई शिवलाल व कचरु भी आ गए। उन्होंने भी लाठी-डंडों से मारपीट की। पुलिस ने तीनों भाईयों पर केस दर्ज किया।



# नीमच के राजा श्री किलेश्वर निकले शहर भ्रमण पर, शाही सवारी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**युवा समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा गंगानगर ने 11 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण लघु रूद्र प्रयोग अभिषेक कर किया शाही सवारी को रवाना, जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत, शिवमय हुआ नीमच शहर**

**नीमच, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी सावन माह के चौथे सोमवार को शाही अंदाज में निकली। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी युवा समाजसेवी एवं आयोजक अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा शाही सवारी को लेकर व्यापार तैयारियां की गई थी। शाही सवारी में फूलों से श्रृंगारित रथ में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड पडा। शाही सवारी में शामिल अखाडे हैरत अंगेज प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे वहीं भस्म आरती में अघोरी अलग ही समां बांध रहे थे। शाम करीब चार बजे श्री किलेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई शाही सवारी का समापन देर रात को मंदिर परिसर में हुआ।

शहर व आसपास के लाखों भक्तों को नीमच के राजाधिकारी श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी का बेसब्री से इंतजार था, यह इंतजार सावन माह के चौथे सोमवार को खत्म हुआ। आयोजक एवं युवा समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा 11 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण लघु रूद्र प्रयोग अभिभेषक किया। सावन माह में पार्थिव शिवलिंग पूजा अर्चना व अभिषेक का विशेष महत्व होता है। शाम करीब चार बजे फूलों से श्रृंगारित रथ में नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव प्रजा का हाल जानने के लिए निकले तो आस्था का सैलाब उमडना शुरू हो गया। भोलेनाथ के जयकारों और डीजे की धुन पर शुरू हुई शाही सवारी का स्वागत करने के लिए नीमच शहर उमड पडा। स्टेशन रोड होते हुए शाही सवारी ज्ञानमंदिर के समीप श्री अग्रसेन वाटिका पहुंची, यहां पर प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर ने विशेष पूजा अर्चना की। विद्वान ब्राह्मण पंडित विक्रम शास्त्री सहित अन्य ब्राह्मणों द्वारा विशेष पूजा संपन्न करवाई गई। यहां से विभिन्न झांकियों का कारवां जुड गया। कोटा के स्पेशल अखाडे के हैरत अंगेज कारनामें भक्तों का मन मोह रहे थे वहीं भक्त भस्म आरती का भी भक्तों ने आनंद लिया। महिला हो या फिर पुरूष, युवा हो या फिर बुर्जुग, हर वर्ग शाही सवारी में भोलेनाथ के जयकारें लगाते हुए साथ चल रहे थे। फूलों से विशेष श्रृंगारित रथ पर विराजित श्री किलेश्वर महादेव भक्तों को साक्षात दर्शन देते हुए चल रहे थे। तिलक मार्ग, घंटाघर, नयाबाजार, बारादरी, कमल चौक, फोर जीरो आदि शाही सवारी का रूट शिवमय हो गया। शाही सवारी में कहीं पर जोरदार आतिशबाजी हुई तो कहीं पर फूलो की बारिश। जिस—जिस मार्ग से शाही सवारी निकली, वे मार्ग भालेनाथ के जयकारों से गूंज उठे।

**आयोजक अरूल अरोरा की मेहनत रंग लाई, ऐतिहासिक शाही सवारी में भक्तों की भीड उमड़ी**–युवा समाजसेवी एवं आयोजक अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा चमत्कारिक श्री किलेश्वर महादेव मंदिर की शाही सवारी का आयोजन बडे स्तर पर किए जाने की तैयारियां एक माह पहले ही शुरू कर दी गई थी, शाही सवारी में शामिल होने वाली झांकिया, अखाडा, डीजे साउंड सहित कई रंगारंग कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां को देखकर शिवभक्त गदगद हो गए और भोलेनाथ के जयकारें लगाने से अपने आप को रोक नहीं पाए। युवा समाजसेवी अरूल अरोरा के नेतृत्व में निकली शाही सवारी ऐतिहासिक रही। बिल्कुल उज्जैन महांकाल की तर्ज पर नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी में भक्ति की बौछारें और आस्था का सैलाब उमडा। देर रात श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर समापन हुआ।

## सावन माह के चौथे सोमवार पर विश्वनाथ महादेव मंदिर पर...

# महाआरती का आयोजन, अभिषेक के साथ प्रसादी कार्यक्रम संपन्न



**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सावन मास के चौथे सोमवार पर अभिनंदन नगर स्थित अपना परिसर में श्री विश्वनाथ महादेव मंदिर पर महाआरती और प्रसादी का कार्यक्रम संपन्न हुआ इसके पूर्व पूजा अर्चना व अभिषेक का आयोजन भी हुआ। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष नानालाल अटोलिया क्षेत्र के विधायक विपिन जैन, भारतीय रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन प्रीतेश चावला, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य मुकेश काला, मंदसौर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, जांगडा पोरवाल समाज के संरक्षक प्रवीण गुप्ता व रमेशचंद्र सेठिया सहित बड़ी संख्या में शिव भक्तों की मौजूदगी रही।

शिव भक्तों की आस्था के केंद्र अभिनंदन नगर स्थित अपना परिसर में मौजूद श्री विश्वनाथ महादेव मंदिर पर पूजा अर्चना अभिषेक महाआरती और प्रसादी का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। पूजा अर्चना श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर के आचार्य पं भूपेंद्र शर्मा द्वारा संपन हुई। पूजा अर्चना का लाभ विकास जोशी और श्रीमती सपना जोशी द्वारा लिया गया। इस मौके पर मंदसौर जिला प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय लोढ़ा, श्री जांगड़ा पोरवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुसुम सेठिया, युवा भाजपा नेता राजेश गुर्जर, नपा सभापति निलेश जैन, मंदसौर जिला प्रेस क्लब सचिव पुष्पराजसिंह राणा, युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष महावीर जैन, वरिष्ठ पत्रकार कोमलसिंह तोमर, अजय लोढ़ा, नरेंद्र अग्रवाल, संजय पोरवाल, आलोक शर्मा, प्रकाश सिसोदिया, नवीन जैन, संजय वर्मा, राहुल सोनी महेश्वरी, लोकेश पालीवाल, अनिल जैन, विजयेंद्र फांफरिया, राव प्रीतेशसिंह, किशोर ग्वाला, ओम कुमावत, डॉ प्रमोद सेठिया, सुरेंद्र संघवी, प्रदीप बंसल, मितेश तरवेचा, किशोर गर्ग, निर्मल गंगवानी, राजेश पोरवाल टीवीएस, अनिल चौधरी, मांगीलाल सेठिया, पंकज सेठिया, सुनील पोरवाल, हरीश रावलिया, मनीष कुमावत, दिनेश गर्ग, मदनलाल बाथरा, छोटू कुमावत, पूनमचंद अडानिया, गेंदमल कुमावत, राधेश्याम शर्मा, प्रकाश पोरवाल, राहुल फरक्या, विनोद पोरवाल, पवन जैन, जितेंद्र व्यास, राजू व्यास, बीएस सिसोदिया, कन्हैयालाल दया, डॉ आशीष तेलकर, पीयूष जैन, सुनीता सेठिया, प्रमिला संघवी, नंदकिशोर पोरवाल, दिनेश पोरवाल, गरिमा बंसल, अंजना शर्मा, पिंकी व्यास, नेहा व्यास, शर्मिला सेठिया, सुनीता पोरवाल, मनीषा पोरवाल, श्रीमती ज्योति काला, श्रीमती सुषमा राणा सहित बडी संख्या में शिव भक्तों की उपस्थिति रही।

## विधायक जैन के नेतृत्व में तिरंगा ध्वज वितरण किया

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** आम नगर वासी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर शान से तिरंगा झंडा फहरा सके और आम नगर वासियो में देश के प्रति राष्ट्रीयता की भावना और मजबूत हो इसको लेकर मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व मे कांग्रेस जनो ने भारत माता की जय, स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के गगन भेदी नारे लगाते हुए स्वतंत्रता दिवस से पूर्व नगर में तिरंगा झंडा वितरण किया गया श्री जैन के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने ठेला व्यवसाइयों के ठेलो पर व टॅपो टैक्सी पर भी तिरंगा झंडा बांधा गया।



इस अवसर पर मंदसौर विधायक विपिन जैन पूर्व विधायक पुष्पा भारती, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री तरुण खींची, अशोक रैकवार, आसिफ़छिपा, लियाकत शेख, खलिल पटान, वहिद जेदी, राजनारायण लाड, आरिफ बेग, सुनील बसेर, कमलेश सोनी लाला, हेमंत शर्मा, संजय नाहर, विश्वास दुबे, राजेश फरक्या, गोविंद सुरा, निर्मल बसेर, सुनील पामेचा, संजय सोनी, कैलाश पाटोला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षगण में सर्वश्री अनिल शर्मा, विकास दसोरा, सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा, महिला नेत्री में श्रीमती अंजू तिवारी, सुनीता बंडी, वर्षा सांखला, मंडलम् अध्यक्ष में सर्वश्री रमेश् ब्रिजवानी, दशरथर सिन्ह् राठौर, अजय सोनी, वकार खान, अजय मारू, सेक्टर अध्यक्ष अशोक राव, सादिक गोरी, राजेश खींची, आरिफ अंसारी, शैलेंद्र गोस्वामी शिवा रमन सिंह पवार, घनश्याम लोहार, विनोद ओझा इसके साथ ही मनोहर नाहटा, दीपक जैन, मोहनलाल कुमावत, कार्तिक सोनी, हेमंत पाटीदार देवेंद्र जेन, रवि विनायका, मनोज जैन राकेश सेन, राजू रैकवार, अक्षय खाबिया, राजेश चौहान, दिनेश प्रजापत, ईश्वर भावसार, हिम्मत पोखरना, बाबूलाल चौधरी आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## सात दिन में ज्वाइन नहीं किया तो आदेश होगा निरस्त..!

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षकों के उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया में घमासान मचा हुआ है। शिक्षा विभाग से जारी आदेशों में स्कूल तय करने में गड़बड़ी से लेकर विषय तक की जानकारी गलत दी जा रही है। अब तक कई मामले सामने आ चुके अब एक और आदेश पर शिक्षकों में भारी नाराजगी है। इस आदेश में कहा गया है उच्च पद प्रभार में शिक्षक अगर सात दिन में स्कूल ज्वाइंन नहीं करता तो स्वत: ही निरस्त हो जाएगा। मामले में शिक्षक संगठनों ने विरोध जताते हुए यह समय सीमा बढ़ाने की मांग रखी है।

**7 दिन के अंदर करें ज्वाइन**–स्कूल शिक्षा विभाग में अब तक कई लोक सेवकों को उच्च पद प्रभार मिल चुका है। विभाग ने मंगलवार को उच्च पद प्रभार के लिए आदेश जारी किए थे। इसमें शिक्षकों से कहा गया कि वे सात दिन में स्कूल ज्वाइन कर लें। इसमें शर्त लगाई गई कि अगर इस सीमा तक ज्वाइनिंग नहीं की तो आदेश निरस्त हो जाएगा।

**ये नहीं है पर्याप्त समय**–शिक्षक संगठनों ने बताया कियह समय पर्याप्त नहीं है। मप्र अध्यापक शिक्षक संगठन के उपेन्द्र कौशल के मुताबिक विभाग ने 7 अगस्त को इसके संबंध में निर्देश दिए थे। शिक्षक को रिलिविंग से लेकर दूसरी स्कूल में पहुंचने तक पर्याप्त समय देना चाहिए। समय सीमा 15 दिन करने की मांग की गई है।

## डोडाचूरा तस्कर को 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायधीश महोदय (एन.डी.पी.एस.एक्ट) मंदसौर द्वारा आरोपी विकास पिता कंवरलाल कुमावत, आयु-29 वर्ष, निवासी-ग्राम रेवास देवड़ा, जिला मंदसौर को अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने के आरोप का दोषी पाकर 03 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10,000 रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 27.02.2017 को पुलिस थाना वाय.डी.नगर में पदस्थ उपनिरीक्षक पी.एन.शर्मा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी विकास कुमावत बिना नंबर की मोटरसाइकिल हीरो होंडा से डोडाचूरा लेकर रेवास देवड़ा, मंदसौर की तरफ बेचने जा रहा है यदि नाकेबंदी की जाये तो उन्हें पकड़ा जा सकता है। मुखबिर सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स एक टीम को तत्काल रवाना कर एम.आई.टी. चैराहे के पास घेराबंदी की कुछ देर बाद मुखबिर के बताए अनुसार बिना नंबर की मोटरसाइकिल आती आती हुई दिखी जिसके पिछे सामान बंधा हुआ था, जिसे हमराह फोर्स की मदद से रोका गया तथा तलाशी लिये जाने पर मोटरसाइकिल पर बंधे कार्टून जो सफेद रंग की प्लास्टिक से बना हुआ था को नीचे उतारकर खोला गया तो उसके अंदर खाकी रंग का पैकेट जिस पर मिराज लिखा हुआ था जो सेलो टेप से चिपका हुआ था जिसे खोलकर देखा व चेक किया गया तो मादक पदार्थ डोडाचूरा होना पाया गया। उक्त मादक पदार्थ परिवहन के संबंध में आरोपी से पूछे जाने पर कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। मादक पदार्थ का तौल किये जाने पर कुल वजन 14 किलो 200 ग्राम पाया गया, मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया, आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना वाय.डी.नगर में अपराध क्रमांक 71/2017 की एफ.आई.आर. लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं अनुसंधान कार्यवाही पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजक द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन विषेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## दुष्कर्म करने वाले आरोपी को उम्रकैद की सजा, अर्थदंड भी

**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायधीश महोदय (पॉक्सो एक्ट), गरोठ द्वारा आरोपी राजकुमार पिता राधेश्याम मेघवाल, उम्र 24 वर्ष, निवासी-देवलीखुर्द थाना व तहसील गरोठ, जिला- मंदसौर को नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोप का दोषी पाकर आजीवन कारावास (शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक) का सश्रम कारावास एवं कुल 6500 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी श्री दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 29.03.2021 को थाना गरोठ पर फरियादी ने अपने जीजा पीड़िता के पिता के साथ उपस्थित होकर इस आशय की सूचना दी कि पीड़िता जो रिश्ते में उसकी भानेज लगती है, बचपन से ही उसके यहां रह रही है। दिनांक 28.03.20231 को शाम के करीब 03:30 बजे उसके पीड़िता के पिता का फोन आया कि पीडिता घर पर है तो उसने उसकी भाभी से पीड़िता का पूछा तो उन्होने बताया कि वह किराने की दुकान की तरफ जाने का कहकर गई थी, तब से वापस नहीं आई है। फरियादी ने उक्त बात अपने जीजा को फोन कर बताई उसके जीजा ने पीडिता की काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नही चला, पीड़िता को कोई अज्ञात बदमाश बहला फुसला कर ले गया है फरियादी की उक्त सूचना के आधार पर थाना गरोठ पर गुमशुदगी रिपोर्ट लेख की गई, फरियादी की उक्त रिपोर्ट से थाना गरोठ पर अपराध क्रमांक 150/2021 का कायम कर विवेचना में लिया गया अनुसंधान के दौरान दिनांक 10.04.2021 को उपनिरीक्षक वंदना शाक्कार द्वारा बाबा चैराहा ग्राम बोरदा थाना भानपुरा से पीड़िता को आरोपी राजकुमार पिता राधेश्याम मेघवाल, निवासी देथलीखुर्द, थाना गरोठ के कब्जे से दस्तयाब किया गया। उक्त घटना के बारे में पीड़िता से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि उसकी दोस्ती आरोपी राजकुमार से हो गई थी, राजकुमार ने कहा कि वह उससे प्यार करता है और शादी करना चाहता है लेकिन पीड़िता ने उसे मना कर दिया था। दिनांक 28.03.2021 को वह किराने की दुकान का सामान लेने गई थी तो राजकुमार पीड़िता के घर के बाहर खड़ा था उसने पीड़िता को कहा कि अगर वह उसके साथ नहीं चली तो वह खुद मर जायेगा और उसे भी मार देगा, जिससे डर के उसके साथ चली गई थी आरोपी उसे बस से रामगंजमंडी लेकर गया, जहां पर उन दोनों ने स्टोन फैक्ट्री में काम किया ओर पास ही झोपड़ी बनाकर करीब 12-13 दिन रहे, वहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता को उसके माता पिता की याद आने पर आरोपी उसे वापस लेकर आने लगा तो रास्ते में पुलिस ने उन्हें पकड़ कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उक्त घटना के आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी पर धारा 363, 366, 376(2)(एन), 376(3) एवं 5 एल/6, 3/4 पॉक्सों एक्ट का अपराध कायमी कर प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही उपरांत चालान माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजक द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास (शेष प्राकृतिक काल तक) एवं जुर्माने से दंडित किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन विषेष लोक अभियोजक श्री रमेश गामड़ द्वारा किया गया।

# तिरंगा यात्रा को लेकर नपा सभागृह में एकजुट हुए शहरवासी



**मंदसौर, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को अखंड भारत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। नपा सभागार में नगर के गणमान्य जनों की बैठक में तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, किन्नर गुरु अनिता दीदी विशेष रूप से सम्मिलित हुई। आरम्भ में तिरंगा यात्रा आयोजन समिति के

संयोजक गौरव अग्रवाल ने तिरंगा यात्रा की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने यात्रा का स्वागत करने वाले संगठनों व संस्था प्रमुखों से आव्हान किया कि वे स्वागत कर यात्रा में भी शामिल रहें। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा कि तिरंगा यात्रा में शामिल होना हम सभी का दायित्व है। पूरा नगर इस यात्रा में जुड़े ऐसे प्रयास किए जाएंगे। वरिष्ठसमाज सेवी गुरुचरण बग्गा ने कहा कि तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक लोग जुड़े यह प्रयास सभी का होना चाहिए। मातृ शक्ति भी शामिल हों। जिस तरह सामाजिक समरसता का नगर का उदाहरण पूरे देश में दिया जाता है उसी प्रकार तिरंगा यात्रा भी मंदसौर की पहचान बने। श्री मती सुषमा आर्य ने कहा कि नगर की मातृ शक्ति भी अधिकाधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल हों ये प्रयास किया जाएगा। श्री हिम्मत डांगी ने कहा कि तिरंगा यात्रा को भव्यातिभव्य बनाया जाएगा। स्कूली बच्चों ओर युवाओं की संख्या ज्यादा जुडे ये प्रयास करेंगे। श्री ब्रजेश जोशी ने कहा कि हमारा नगर प्रयोगधर्मी नगर है यहां से कोई भी प्रयोजन आरंभ होता है तो पूरे देश व प्रदेश में उसका अनुकरण किया जाता है। उन्होंने बंगलादेश में हिन्दुओं पर जो अत्याचार किए जा रहे हैं उसके विरुद्ध भी नगर से सशक्त आवाज उठाई जाए। बैठक में उपस्थित पुष्पेंद्र भावसार, राजाराम तंवर, बंशीलाल टांक, पुलकित पटवा, निर्मला गुप्ता, पुलकित डांगी आदि ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में नंदकिशोर अग्रवाल, भगवान सिंह शक्तावत, सुनील बंसल, अजीजुल्लाह खान, मो.शेरखान, बोहरा समाज के सचिव, घनश्याम सोनी आदि उपस्थित थे। संचालन नरेन्द्र अग्रवाल ने किया आभार बंशी राठौर ने माना।

## होम लोन नहीं चुकाया, न्यायालय के आदेश की अवहेलना पर दम्पत्ति व पुत्र पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय के आदेश की अव्हेलना के मामले में पुलिस ने दम्पत्ति व पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार इक्विटास स्माल फाईनेंस बैंक के प्राधिकृत अधिकारी सूर्यकांत रावत ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि छायन (नारायणगढ) निवासी हरिशंकर पिता मांगीलाल माली, भूलीबाई पति हरिशंकर माली व अक्षय पिता हरिशंकर माली ने इक्विटास स्माल फाईनेंस बैंक से 9 लाख रुपए होम लोन लिया था। जिसका 10 लाख 85 हजार 749 रुपए बाकी होने पर केस मंदसौर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में चल रहा है। न्यायालय ने वसूली के लिए तहसीलदार को निर्देश दिए थे। इसके बावजूद तीनों ने मकान पर लगे ताले को तोड़कर न्यायालय के आदेश का उल्लंघन किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 447 व 488 में केस दर्ज किया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील मंदसौर (नगर), जिला-मंदसौर (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक-00013/अ-20(3)/2024-25 ईश्यू नं.892/री-1/2024

एसडीओ टीईएन-0003 मंदसौर, दिनांक-07.08.2024

जिला शिक्षा अधिकारी, मंदसौर......... आवेदक

विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन .......... अनावेदक

**✻ सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति ✻**

सर्वसाधारण एवं जनता मंदसौर तहसील मंदसौर को यह सूचित किया जाता है कि जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर द्वारा ग्राम हैदरवास की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 48/2, 49, 50/1 रकबा कमश: 3.250 हेक्टेयर, 5.000 हेक्टेयर, 3.300 हेक्टेयर मद क्रमश: शासकीय मिट्टी खोदने का स्थान, शासकीय अन्य, शासकीय चरागाह एन.सी.सी. छात्र सैनिक ट्रेनिंग सेंटर हेतु आबंटित किये जाने की मांग गई है।

आवेदक के अतिरिक्त अन्य कोई प्रश्नाधीन भूमि का आरक्षण समान प्रयोजन के लिए अथवा प्रश्नाधीन भूमि का आबंटन चाहता है तो वह भी अपना दावा अपनी अर्हताओं के विवरण के साथ कंडिका 09 की अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए इस कार्यालय को सार्वजनिक सूचना में उल्लेखित नियत अवधि के भीतर प्रस्तुत कर सकेगा।

अत: आवेदक को एन.सी.सी. छात्र सैनिक ट्रेनिंग सेंटर हेतु उक्त भूमि आबंटित किये जाने के विषय में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वह इस प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 20/08/2024 तक स्वयं अथवा किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के उपरान्त प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। सर्वसंबंधित सूचित हो।

आज दिनांक 05/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उक्त विज्ञप्ति जारी की गई।

तहसीलदार
तहसील मंदसौर (म.प्र.)

# प्रदेश की हर गली, हर मोहल्ला हो गया तिरंगामय-मुख्यमंत्री

**नीमच, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर हर घर तिरंगा अभियान में प्रदेश की हर गली, हर मोहल्ला तिरंगामय हो गया है। आजादी के पावन पर्व पर पूरा देश स्वतंत्रता दिवस के महोत्सव में डूबा हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश और हमारा प्रदेश प्रगतिपथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत भोपाल के सुभाष नगर आर.ओ.बी. से निकाली जा रही भव्य तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। उन्होंने प्रदेशवासियों, देशवासियों को हर घर तिरंगा अभियान के लिये शुभकामनाएं दी। तिरंगा यात्रा में सहकारिता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, सांसद श्री वी.डी. शर्मा तथा दो बार ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में मिडफील्डर विवेक सागर और शूटिंग में दो बार के ओलंपियन व अर्जुन अवार्डी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर विशेष रूप से शामिल हुए। दोनों खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया।



**तिरंगा यात्रा का लगभग 101 मंचों से हुआ स्वागत**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में सावन की फुहार और देशभक्ति गीतों की धुन के बीच स्कूली बच्चे और खिलाड़ी तिरंगा लहराते हुए यात्रा में उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वेशधारी स्कूली बच्चों, भारत माता के रूप में संपूर्ण गरिमा के साथ आगे बढ़ती छात्राएं और ओज पूर्ण धुन बजाते स्कूली बैंड से सुभाष नगर क्षेत्र का संपूर्ण वातावरण देशभक्तिमय हो गया। तिरंगा यात्रा का लगभग 101 मंच से सभी समाज के लोगों, स्थानीय रहवासियों, स्पोर्टर्स क्लब, स्कूल- कॉलेज के विद्यार्थियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

## क्षतिग्रस्त वाहन से बरामद हुए 9 गौवंश

**पिपलियामंडी, 12 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने क्षतिग्रस्त पिकअप वाहन से 9 गौवंश बरामद किए। बोतलगंज व ढिकनिया के बीच रेलवे अंडरबिज के नीचे पिकअप वाहन के क्षतिग्रस्त खड़े होने की सूचना पर पिपलिया पुलिस मौके पहुंची, पिकअप (एमपी 13 जेडडी 2763) की तिरपाल हटाकर तलाशी ली तो अंदर 9 गौवंश कूररतापूर्वक भरे होना पाए गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया। वहीं गौवंश को मंदसौर गोपालकृष्ण गौशाला भिजवाया।

**✻ नाम परिवर्तन ✻**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सुगारा** ने अपना नाम परिवर्तन कर **सुगरा नीमचवाला** कर लिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम **सुगरा नीमचवाला** के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**पता-फ्लेट नं.206, नजमपुरा बोहरा बाखल, आशा परले मल्टी, मंदसौर (म.प्र.)458002**




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in